श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित
प्रश्न संख्या-18/2/851 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत सुगौली प्रखंड के पंचायत सुकुल पाकड में लालपरसा धुमनी टोला ग्राम के सामने बुढ़ी गंडक नदी के दायाँ तटबंध पर कटाव हो रहा है, इसके ठीक सामने नदी के दायां तटबंध का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे नदी की धारा बदलने से गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है और हजारों परिवार विस्थापन को मजबूर है, यदि हां तो सरकार उक्त वर्णित लालपरसा धुमनी टोला ग्राम के सामने बुढ़ी गंडक नदी में हो रहे कटाव को रोकने के लिए कबतक कटाव सुरक्षात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली प्रखंड में सुकुल पाकड़ पंचायत अन्तर्गत लालपरसा धुमनी टोला ग्राम सिकरहना नदी के बाँये तट पर बसा हुआ है। नदी तट से बसावट की दूरी 150 मीटर है। नदी के बाएं तट पर विभाग द्वारा निर्मित कोई भी तटबंध नहीं है। साथ ही उक्त ग्राम के सम्मुख सिकरहना नदी के दायें तट से लगभग 1.1 कि॰मी॰ की दूरी पर सिकरहना दायें तटबंध का निर्माण हो रहा है, जिससे नदी की धारा में कोई बदलाव नहीं हुआ है एवं उसपर किसी प्रकार का कटाव नहीं हो रहा है। बाढ़ अवधि में नदी के घटने/ बढ़ने के क्रम में आंशिक क्षरण हुआ था पर कोई आबादी प्रभावित नहीं हुई। वर्तमान में स्थल सुरक्षित है एवं कोई कटाव परिलक्षित नहीं है। बाढ़ अवधि के दौरान प्रश्नगत स्थल के समीप कटाव परिलक्षित होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(मुज0)–05–21/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/851 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मुज0)–05–21 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मुज0)–05–21 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मुज0)–05–21 / 2026– 1479 पटना, दिनांक–25/03/26.

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25.03.26

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

25.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo